Amit Singh Negi
Secretary

Government of Uttarakhand

Department of Medical, Health and Family Welfare and Medical Education
Government of Uttarakhand
4 -Subhash Road, Dehradun

Letter No. 483/PS/Sec-MH/2020
Dated 28 **June. 2020**

सेवा में,

समस्त जिला अधिकारी
उत्तराखण्ड।

<u>विषयः डेंगू रोकथाम एंव नियंत्रण हेतु कार्यवाही के सम्बन्ध में।</u>

महोदय/महोदया,

आप अवगत ही हैं कि उत्तराखण्ड में मच्छर जनित रोग डेंगू एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में रेखांकित हो रहा है। वर्तमान में कोविड–19 महामारी के परिवेश के दृष्टिगत किसी अन्य जन स्वास्थ्य समस्या को उत्पन्न होने से रोकने के लिए यह आवश्यक होगा कि प्रभावी रणनीति के अनुसार समयान्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाही अमल मे लाई जाए।

इस सन्दर्भ में आपको प्रेषित पूर्व पत्र दिनांक 04 जून 2020 का संज्ञान लेने का कष्ट करें । इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि समस्त जनपदों में कोविड–19 महामारी के नियंत्रण हेतु संचालित कार्ययोजना के समानान्तर डेंगू निरोधात्मक गतिविधियों का क्रियान्वयन आपके नेतृत्व में संचालित किया जाए।

विषयगत प्रकरण में कोविड–19 महामारी के नियंत्रण हेतु कार्यशील बनाई गई समस्त क्वारेंटाइन फैसिलिटी, कोविड केयर सेन्टर, जिला चिकित्सालय एवं अन्य चिकित्सा इकाईयों में स्वच्छता तथा जल भराव की समस्याओं का संज्ञान लिया जाना आवश्यक होगा क्योंकि इन स्थानों पर मच्छर जनित परिस्थितियों को उत्पन्न होने से रोका जाना कोविड–19 महामारी तथा डेंगू दोनो के नियंत्रण हेतु अत्यन्त आवश्यक है। इस कार्य के लिए प्रान्तीय रक्षा दल के कार्मिकों/स्वयं सेवियों को तैनात किया जाए तथा जिन स्थानों पर पानी की निकासी अवरूद्व रहती है अथवा जल भराव की समस्या है का भी समयान्तर्गत निराकरण कर लिया जाए। मच्छर जनित परिस्थितियों को रोकने के लिए शहरी निकाय, नगर निगम तथा अन्य संस्थानों के कार्यालयाध्यक्ष/प्रमुख अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया जाये।

आप सहमत होंगे कि डेंगू के बचाव एवं नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है तथा अन्तर्विभागीय समन्वय के प्रभावी संचालन से ही डेंगू को फैलने से रोका जा सकता है। उचित होगा किए आपके नेतृत्व में सहयोगी विभागों के द्वारा किये जाने वाले कार्यो की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रत्येक विभाग हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये।

Scanned with CamScanner

डेंगू से बचाव एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता एक महत्वपूर्ण घटक है जिस हेतु जनपद स्तर पर उपलब्ध समस्त संचार माध्यमों को उपयोग में लिया जाये। यद्यपि राज्य स्तर से समस्त विभागों को निर्धारित हैल्थ एडवायजरी एवं प्रचार प्रसार सामग्री के prototype/creatives/contents पूर्व मे ही प्रेषित किये जा चुके हैं तथापि राज्य स्तर पर उपलब्ध आई0ई0सी0 सामग्री आपके सुलभ सन्दर्भ हेतु ई0मेल के माध्यम से प्रेषित की जा रही है।

अतः अनुरोध है कि कोविड–19 महामारी के नियंत्रण हेतु जिस तन्मयता एवं निष्ठा के साथ आप द्वारा इस महामारी को फैलने से रोकने में अपना नेतृत्व प्रदान किया गया है, उसी प्रकार डेंगू से बचाव एवं नियंत्रण हेतु भी यथोचित कार्यवाही अमल मे लाने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोपरि।

(अमित सिंह नेगी)

पत्र संख्या : **तद्दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव प्रभारी, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. अपर सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
3. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड।
4. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड।
5. प्रभारी अधिकारी एन0वी0बी0डी0सी0पी0।

(अमित सिंह नेगी)

Scanned with CamScanner